वागड़ संदेश

Tital Code RAJHIN27802

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई मेल editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 अंक-229 सागवाड़ा, मंगलवार,26 अप्रेल, 2022 अवधि: हिन्दी ई-पेपर पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

भ्रष्टाचार से जुडी जांचो में दोषी पाए जाने पर भी कार्रवाई नहीं होने से मंत्री हुए नाराज

पंचायतीराज मंत्री रमेश चन्द्र मीणा ने विभाग की बैठक में ली बीडीओ की क्लास

डूंगरपुर। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री रमेश चन्द्र मीणा ने डूंगरपुर जिले के दौरे के दौरान जिला परिषद सभागार में विभागीय बैठक ली। बैठक में जहा मंत्री ने पंचायत समितियो के विकास अधिकारियो की क्लास ली तो वही पुरी बैठक में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओं से जुड़े भ्रष्टाचार व उनकी जांच से जुड़े मुद्दे छाए रहे। इस दौरान भ्रष्टाचार से जुडी जांचो के मामले में मंत्री ने नाराजगी जताई और कई सवाल भी खड़े किये है। इधर, बैठक में विभिन्न योजनाओं में अधूरे कार्यो पर नाराजगी जताई और कार्य में तेजी लाते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक के. के. पाठक शासन सचिव, ग्रामीण विकास, ने भी अधिकारियों को कार्यों में नवाचार करने के साथ-साथ कार्य प्रगति लाने पर के निर्देश दिए। वही नरेगा के तहत नर्सरी लगाने पर जोर दिया। बैठक में राजस्थान अनुसूचित जाति विकास वित्त एवं विकास निगम, अध्यक्ष, शंकर यादव , डूंगरपुर विधायक गणेश घोघरा, चौरासी विधायक, राजकुमार रौत, जिला प्रमुख सूर्या आहारी, शासन सचिव, ग्रामीण विकास विभाग के.के. पाठक , जिला कलक्टर शुभम चौधरी, हरदीप चोपड़ा, प्रोजेक्ट डायरेक्टर, और जनप्रतिनिधियों सहित विभागीय अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

बीडीओ नहीं बता पाए योजनाओं के नोर्म्स

समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री रमेश चन्द्र मीणा ने पंचायत समितियों के बीडीओ की क्लास भी ले डाली। मंत्री रमेश मीणा ने विकास अधिकारियो से मनरेगा योजना व पीएम आवास योजना में मस्टरोल जारी करने से लेकर पेमेंट करने तक की प्रक्रिया की जानकारी से जुड़े सवालों के साथ निरीक्षण कार्य के नोर्म्स के बारे में पूछा तो एक भी बीडीओ उसका जवाब नहीं दे पाए। इधर मंत्री मीणा के कहने पर जयपुर से आये अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी।

मंत्री से पहले आई राज्य स्तरीय टीम ने बैठक में दी अपनी रिपोर्ट

इधर बैठक में मंत्री के दौरे से पहले जिले में आई राज्य स्तरीय जांच टीम ने अपने द्वारा क्षेत्र में विकास कार्यो के किये गए निरिक्षण की रिपोर्ट प्रस्तुत की। जिसमे सामने आया की जिले में योजनाओं में नोर्म्स के तहत और गुणवत्ता युक्त काम नहीं किये जा रहे है।

इस सम्बन्ध में मंत्री मीणा ने चिखली पंचायत समिति के एईएन राकेश परमार को हटाने के निर्देश दिए। वही एक आरएएस अधिकारी के नेतृत्व में राज्य स्तरीय टीम का गठन करते हुए विस्तृत जांच करवाने व उसकी रिपोर्ट। दिन में पेश करने के निर्देश दिए है। बैठक में मंत्री मीणा ने अधिकारियों को साफ निर्देश दिए कि जो ईमानदारी से काम नही करेगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

छाया रहा भ्रष्टाचार व उनसे जुडी जांच रिपोर्ट्स का मुद्दा

इधर समीक्षा बैठक में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में हुए भ्रष्टाचार का मुद्दा भी छाया रहा। बैठक में अम्बाडा व धनगांव में पीएम आवास में गड़बड़ी, वासुआ ओर वानियातालाब पंचायत के कार्यो में भ्रष्टाचार, झोथरी पंचायत समिति के भवन का निर्माण कार्य में गडबडी का मुद्दा उठा। जिसमे सामने आया की कई मुद्दों में जांच कब से हो चुकी है लेकिन जांच में दोषी पाए जाने के बाद भी दोषी कार्मिको व अधिकारियो पर विभाग की और से कोई कार्रवाई व वसूली नहीं की गई। जिस पर मंत्री मीणा ने नाराजगी जताई। मंत्री ने कहा की आखिर जब जांच में अधिकारी व कार्मिक दोषी मिल चुके है तो उन पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई। कौन है जो भ्रष्ट कार्मिको व अधिकारियों को बचाने में लगा है। इस दौरान मंत्री ने जांच में दोषी पाए गए कार्मिको व अधिकारियो पर कार्रवाई करने व वसूली के निर्देश दिए है वही उनको बचाने वालो के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए है।

परशुराम जन्मोत्सव पर 1 मई को ज़ील अस्पताल में होगा रक्तदान शिविर

सागवाड़ा। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव तथा विप्र फाउण्डेशन के 13 वें स्थापना दिवस पर 1 मई को झील मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल में सुबह 9 बजे से रक्तदान शिविर आयोजित होगा। जिलाध्यक्ष प्रकाश व्यास ने बताया कि परशुराम जन्मोत्सव मनाने को लेकर हरिओम मेडिकल पर मंगलवार को विप्र फाउंडेशन के पदाधिकारियों और समाजजनों की बैठक आयोजित हुई जिसमें प्रदेश नेतृत्व के आदेशानुसार 1 मई रविवार को जील मल्टीस्पेश्यलिटी हॉस्पिटल सागवाड़ा में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन रखने का निर्णय लिया। इस अवसर पर जिला महामंत्री प्रदीप गामोट, महामंत्री कल्पेश रावल, प्रदेश प्रतिनिधि देवीलाल फलोत, जिला सचिव धीरज मेहता, युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष हिमांशु भट्ट, मंडल अध्यक्ष चिराग मेहता, मदन मेहता, रमेश गामोट, योगेश पंड्या, सचिन जोशी, सुभाष लौवोत, श्यामसुंदर भट्ट, जुगल मेहता, विनोद जोशी, गिरीश गामोट, दुष्यंत व्यास, कमलेश फलोत, ललित जोशी, हिमांशु भट्ट, दिलीप व्यास, चंद्रगिरि गोस्वामी, विनोद जोशी, आशीष शर्मा, विनय शुक्ला, बच्चन भट्ट के अलावा विप्र समाज के कई पदाधिकारी और समाजगण उपस्थित रहे। वहीं जेठाणा, भीलूडा, सेलोता, कानपुर, दिवडा बडा, दिवडा छोटा, वांदरवेड, सिलोही, चितरी, ओबरी, खडगदा, गोवाडी, गामडाब्राह्मणिया, नंदौड, टामटिया, पादरा, पाडवा, कराडा, सरोदा, सामलिया, पादरडी बडी, वमासा, भासौर, कोकापुर, मेहतो का पारडा, घोटाद, लिमडी, ठाकरडा के प्रभारी नियुक्त कर अधिकाधिक यूनिट रक्तदान करने का संकल्प लिया।

मैं किसी खेमे का नहीं, मै कांग्रेस के खेमे से हूं

मंत्री रमेश चन्द्र मीणा डूंगरपुर में मीडिया से हुए रूबरू

डूंगरपुर। ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री रमेश चन्द्र मीणा डूंगरपुर जिले के दौरे पर है। अपने दौरे के दौरान मंत्री रमेश चन्द्र मीणा सर्किट हाउस में मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान मंत्री रमेश चन्द्र मीणा ने कहा की वे न तो गहलोत खेमे से है और न ही पायलट से। वे कांग्रेस के खेमे से है और कांग्रेस नेतृत्व जो भी निर्देश देगा उस पर काम करेंगे। मंत्री रमेश चन्द्र मीणा डूंगरपुर जिले के दौरे के दौरान सर्किट हाउस में आज मीडिया से रूबरू हुए। इस दौरान राजस्थान में सीएम बदलने के चल रही अफवाहो के सवाल पर उन्होंने कहा की वे किसी भी खेमे से नहीं है वे कांग्रेस के खेमे से है। अशोक गहलोत व सचिन पायलट कांग्रेस के खेमे से है और जो भी हमारा राष्ट्र नेतृत्व तय करता है वही चलता है।

इसमें ज्यादा वक्तव्य देना नहीं है सिर्फ इतना ही कहूँगा की कांग्रेस एक है। और हम सब को मिलकर एक ही काम करना है की वर्ष 2023 में कांग्रेस वापस राजस्थान में रिपीट हो। इसी धारणा पर कांग्रेसी नेता व पार्टी काम कर रही है।

करेप्शन नहीं करेंगे बर्दाश्त

मीडिया से रूबरू होते हुए मंत्री रमेश मीणा ने कहा की वे प्रदेश में ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग में किसी भी प्रकार का करेप्शन बर्दाश्त नहीं करेंगे। कोई दोषी अधिकारी हो या जनप्रतिनिधि हो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। हमारी यही मंशा है की सरकार की जो भी कल्याणकारी योजना बनी है उसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और उसका विकास हो और क्षेत्र का विकास हो। उन्होंने कहा की धरातल पर काम नजर आना चाहिए और गुणवत्ता का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

मनरेगा में 2100 करोड़ की केंद्र से डिमांड

मीडिया से रूबरू होते हुए ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री रमेश चन्द्र मीणा ने मनरेगा में बजट की आ रही परेशानी पर कहा की पूरे प्रदेश में बजट की कमी चल रही है। राज्य सरकार ने पुरे प्रदेश के लिए 2100 करोड़ की डिमांड भेज रखी है। इस सम्बन्ध में केन्द्रीय ग्रामीण मंत्री से मुलाक़ात भी हुई थी जिसमे उन्होंने अप्रैल माह तक बजट मिलने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक बजट नहीं मिला है। लेकिन बजट नहीं होने से जहा मनरेगा योजना से जुड़े लोगो को समस्या का सामना करना पड़ रहा है वही विकास बाधित हो रहा है।

इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर बजट के मामले में तंज भी मारा और कहा की जैसे-जैसे चुनाव आएगा वैसे मनरेगा में लेबर भी कम कर सकती है वही पेमेंट में और भी डिले कर सकती है।

राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने स्थाईकरण की आधी अधूरी सूचियों पर जताया रोष

सीमलवाड़ा। राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय ने प्रारम्भिक शिक्षा कार्यालय द्वारा जिला परिषद से अनुमोदन के पश्चात भी सभी पात्र शिक्षकों के स्थाईकरण आदेश जारी नहीं करने पर रोष प्रकट किया है। जिला अध्यक्ष बलवंत बामणिया तथा जिला मंत्री दिलीप सिंह चौहान ने बताया की जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा से समय-समय पर वार्ता कर स्थाईकरण से वंचित शिक्षकों के स्थाईकरण आदेश जारी करने, छः माह से भी अधिक समय से चयनित वेतनमान के लम्बित प्रकरण के साथ ही नोशनल लाभ से सम्बंधित प्रकरण के शीघ्र निस्तारण हेतु आग्रह किया था। प्रारम्भिक शिक्षा कार्यालय द्वारा लंबित प्रकरणों पर समय पर कोई अपेक्षित कार्यवाही नहीं करने से संगठन ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी डूंगरपुर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी को भी ज्ञापन प्रेषित किया किंतु प्रभावित शिक्षकों को कोई राहत नहीं मिली। जानकारी अनुसार अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में जिला परिषद की स्थापना समिति से 48 शिक्षकों के स्थायीकरण प्रकरण का अनुमोदन किया गया।

लोहारिया तालाब में दिखा मगरमच्छ, पकड़कर सुरक्षित बैक वाटर में छोड़ा

सागवाड़ा। सागवाड़ा- लोहारिया तालाब में निर्माणाधीन नहर के पास एक मगरमच्छ को लोगो ने देखा तो हड़कंप मच गया। देखते ही देखते तालाब के पास भारी भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची वन टीम ने भीड़ को देखकर कर पुलिस को इसकी सूचना दी। काफी मशक्कत के बाद नरेश भागरिया, सुरेश की मदद से रेस्क्यू कर सुरक्षित बैक वाटर में छोड़ा द्य वनकमियों के अनुसार 6 फिट लंबा यह मगरमच्छ था। क्षेत्रीय वन अधिकारी सोमेश्वर त्रिवेदी , संजय पाटीदार, जयेश पाटीदार, राकेश पाटीदार, शैलेश सिंह, गिरीश मौजूद थे

नाबालिग स्टूडेंट को भगा ले गया टीचर

छेड़छाड़ के आरोप में निलंबित था शिक्षक, किडनैप का केस दर्ज

सीमलवाड़ा। धंबोला थाना क्षेत्र में एक स्कूल टीचर नाबालिग छात्रा को भगाकर ले गया। सीमलवाड़ा ब्लॉक के सरकारी स्कूल में पढ़ाने वाले टीचर को विभाग ने एक महीने पहले ही छात्रा से छेड़छाड़ के आरोप में निलंबित किया था। निलंबन के दौरान शिक्षक को डीईओ प्रारंभिक डूंगरपुर में ड्यूटी देने के निर्देश दिए गए थे।थानाधिकारी भैयालाल ने बताया कि सीमलवाड़ा ब्लॉक के एक सरकारी स्कूल में 12वीं क्लास में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा के पिता ने रिपोर्ट देकर बताया कि आरोपी टीचर भूरालाल रोत पुत्र शांतिलाल रोत निवारीस उंदरडा उसकी नाबालिग बेटी को भगा ले गया है। उन्होंने बेटी की काफी खोजबीन की, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। थानाधिकारी ने बताया कि टीचर के खिलाफ किडनैप का केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एसआई बंशीलाल को सौंपी गई है।

भीलूडा में विद्यानिकेतन विद्यालय ने लगाया प्याऊ

सागवाड़ा। विद्या निकेतन माध्यमिक विद्यालय भीलूडा द्वारा सिद्धिविनायक गणपति मंदिर उपाध्याय चौक पर शीतल पेय जल प्याऊ लगाया गया। विश्व हिंदू परिषद बांसवाड़ा विभाग के सहमंत्री व विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष नरेंद्र भगत ने बतौर मुख्य वक्ता जल के महत्व को बताया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बांसवाड़ा विभाग के विभाग बौद्धिक प्रमुख दिनेश व्यास ने बताया कि कोरोना की वैश्विक महामारी में भी विद्यालय सेवा कार्यों में हमेशा अग्रणी रहा है। समाज में संवेदना जागृत करते हुए पीड़ित मानवता की सेवा करना विद्या भारती का उद्देश्य रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि विद्या भारती संस्थान डूंगरपुर के संरक्षक एवं अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रकाश शर्मा गुंजन की प्रेरणा से यह प्याऊ आज स्थापित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष भोगी लाल

सुथार, कोषाध्यक्ष नारायण लाल पंचाल, डॉ हेमंत भट्ट, जयंती लाल सुथार, जयप्रकाश पंड्या, सुनील भट्ट, औदीच्य समाज दस गांव संगठन के पुरुषोत्तम पंड्या, समिति की महिला सदस्या हर्षा भट्ट, वार्ड पंच नीता भट्ट, दाडम चन्द दर्जी ने किया। कार्यक्रम का संचालन सीमा जोशी ने किया व आभार शिव शंकर बलाई ने माना। समारोह में करुणा जोशी, मोनिका सुथार, लता भट्ट, संध्या पंड्या, चिराग मेहता, दीक्षांत सुथार, सुरेश बुनकर एवं आशा रावल उपस्थित रहे।

डिलीवरी के बाद महिला की मौत पर हंगामा, डॉक्टर पर लगाए लापरवाही के आरोप

कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

डूंगरपुर। डिलीवरी के बाद एक महिला की मौत पर मंगलवार को परिजनों ने हंगामा कर दिया। महिला की मौत उदयपुर हॉस्पिटल में हुई, लेकिन डूंगरपुर हॉस्पिटल में डिलीवरी के दौरान उसका सही इलाज नहीं करने के आरोप लगाए। परिजनों ने कलेक्ट्री के सामने प्रदर्शन कर मामले में डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग रखी। इस पर कलेक्टर ने कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए। 24 अप्रैल को डूंगरपुर शहर के रामनगर निवासी कोमल पंचाल (23) को एमसीएच में डिलीवरी के लिए भर्ती कराया था। उसे लेबर पेन नहीं होने से डॉक्टर ने सिजेरियन डिलीवरी करने की बात कही। महिला ने सिजेरियन के दौरान बच्ची को जन्म तो दिया, लेकिन उसे होश नहीं आ सका। सुबह करीब 4 बजे डॉक्टर्स ने उसे रेफर कर दिया। परिजन कोमल को लेकर उदयपुर के महाराणा भोपाल अस्पताल पहुंचे। जहां कुछ देर बाद ही कोमल ने दम तोड़ दिया। उदयपुर में डॉक्टरों ने मौत की वजह इंजेक्शन बताया। इसे लेकर आक्रोशित परिजन मंगलवार को डूंगरपुर कलेक्ट्री पहुंचे और मामले की शिकायत कलेक्टर शुभम चौधरी से की।

परिजनों ने कहा कि अस्पताल में मरीजों से बदतमीजी करते हैं। इलाज में लापरवाही की वजह से कोमल की मौत हो गई। उसकी तरह ही दूसरी महिलाओं की भी मौत हो रही है। परिजनों ने भविष्य में ऐसी घटना नहीं हो इसे लेकर डॉक्टर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। पिपलादा पंचायत के झाकोल निवासी धूली नाम की महिला को भी प्रसव के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां सिजेरियन के बाद उसे भी होश में नहीं आया। उसे भी डॉक्टरों ने रेफर कर दिया और परिजन धुली को लेकर उदयपुर पहुंचे तो वहां डॉक्टरों ने बताया कि इसकी तो मौत हो चुकी है।

ठेकेदार संघ ने किया समर्थन, ज्ञापन सौंपा

सरपंच संघ ने टेंडर प्रथा का किया बहिष्कार, धरना दिया

सागवाड़ा। सरपंच संघ ने ग्राम पंचायत में निर्माण कार्य पर सामग्री आपूर्ति के लिए जारी निविदा का बहिष्कार करते हुए धरना प्रदर्शन किया।

सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष केलाश रोत व जिला सरपंच संघ संरक्षक पन्नालाल डोडियार के नेतृत्व में सरपंचो ने पंचायत समिति परिसर में विकास अधिकारी एवं प्रधान के कक्ष के बाहर टेंट लगवा कर मंगलवार को धरना दिया।

सरपंच संघ ब्लॉक अध्यक्ष रोत ने बताया कि निविदा प्रक्रिया में ठेकेदारों की और से बाजार दरो से न्युन्तम दर पर सामग्री आपूर्ति के लिए निविदा भरी जाती है। ठेकेदारों द्वारा न्यूनतम दर 20 प्रतिशत से कम निविदा भरी जाती है और ठेकेदारों द्वारा घठिया सामग्री आपूर्ति की जाती है जिससे ग्राम पंचायत के कार्य गुणवत्ता पूर्ण नहीं हो पाते हैं और ठेकेदार मनमानी करते हैं। इस दौरान शंकरलाल डामोर, आजाद

कलासुआ, फुलवंतीदेवी रोत, मीरा खांट, पुष्पादेवी सरपोटा, तुलसी देवी, संगीता देवी, पार्वती देवी, लोकेश ननोमा, प्रकाश डेण्डोर, रूपलाल डेण्डोर, जयंतीलाल डेण्डोर, प्रविण डामोर, हिम्मतराम कटारा सहित कई सरपंच मौजूद रहे।

वहीं दूसरी ओर ठेकेदार संघ ने नरेगा योजना सामग्री आपूर्ति निविदा का सरपंच संघ की ओर से विरोध का समर्थन किया है। ठेकेदार चिमनलाल पटेल, हंसमुख पटेल, अनिल पाटीदार, देवीलाल पटेल ने विकास अधिकारी को दिए ज्ञापन में बताया कि उप प्रधान नरेश पाटीदार की मौजूदगी में ठेकेदार संघ से वार्ता कर पंचायत समिति में सामग्री आपूर्ति के टेंडर में किसी की पंचायत में बिलो टेंडर नहीं डालने और सरपंच संघ का टेंडर के विरोध में ठेकेदार संघ की ओर से समर्थन किया है। किसी भी ठेकेदार की ओर से मंगलवार को कोई भी टेंडर की कॉपी किसी भी ठेकेदार की ओर से नहीं डाले जाने का निर्णय लिया। विभाग की ओर से आगामी निविदा आमंत्रित करती है तो ठेकेदार संघ सभी आपसी सहमति से टेंडर डालेंगे। वर्तमान में किसी भी पंचायत में टेंडर नहीं माना जाए जब तक नए टेंडर आमंत्रित नहीं किए जाते हैं। ज्ञापन की प्रति जिला कलक्टर एवं उपखंड अधिकारी को भी दी है। इस दौरान धीरज सिंह, विनोद भगत, राजेश कलाल, हार्दिक जोशी, पूनमचंद, बदामीलाल, बलदेवसिंह, महावीर कुमार, सूर्यवंशी फावटा, विकास जैन, गौतमलाल मौजूद थे।